>

Title: Need to include Mirzapur in Uttar Pradesh under Jawahar Lal Nehru Urban Renewal Mission.

श्री रमेश दूबे (मिर्जापुर); अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र मीरजापुर विंधाचल एवं अष्टभुजा भारत का एक महत्वपूर्ण पर्यटक स्थल है यहां विंधाचल माता का अलग महत्व है। यहां बड़ी संख्या में दर्शनार्थी देश के कोने कोने से आते हैं। इस शहर की एक प्रमुख समस्या पेयजल की है। इस शहर की जनसंख्या 10 लाख से अधिक है। मैं माननीय प्रधानमंत्री एवं माननीय शहरी विकास मंत्री सेनिवेदन करता हूं कि इस ऐतिहासिक शहर में जहां दिनों दिन पर्यटकों की संख्या बढ़ती जा रही है और उत्तर प्रदेश सरकार ने इसे पर्यटक जोन जाहिर किया है वहां पेयजल की समस्या का निदान किया जाये।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मीरजापुर-विंधाचल में पेयजल की विकराल समस्या से निपटने के लिए मिरजापुर को जवाहरलाल नेहरू नेशनल अर्बन रिन्युअल मिशन योजना के अंतर्गत शामिल करने का कष्ट करें।